दिनांक 24 जनवरी 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

भिलाई निगम मुख्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर महापौर नीरज पाल करेंगे ध्वजारोहण, गणतंत्रण दिवस उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा, मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग होगा जरूरी

भिलाईनगर। भिलाई निगम मुख्य कार्यालय सुपेला में गणतंत्र दिवस के अवसर पर महापौर नीरज पाल प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण करेंगे। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 जनवरी 2022 के अवसर पर गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया जायेगा। परन्तु कोविड प्रोटोकाल को देखते हुये मास्क धारण करना एवं सामाजिक दूरी बनाये रखना अनिवार्य होगा। इस संबंध में निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने समस्त अधिकारी/कर्मचारी को निर्देश दिये है कि कोविड 19 संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुये मास्क और सोशल डिस्टेंस का पालन अनिवार्यः करे और सभी विभाग प्रमुख इस संबंध में अपने अधीनस्थो को निर्देशित करते हुए उनसे टीप भी ले तथा निर्धारित समय पर उपस्थित होने हेतु निर्देशित करे। वहीं निगम के सभी 05 अनुविभाग कार्यालयो में प्रातः 7ः30 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। अनुविभाग जोन कार्यालय में जोन समिति के अध्यक्ष ध्वजारोहण करेंगे। जोन क्रमांक 01 नेहरू नगर में सभापति एवं जोन समिति के पदेन अध्यक्ष गिरवर बंटी साहू , जोन क्रमांक 02 वैशालीनगर कार्यालय में जोन समीति के अध्यक्ष रामानंद मौर्य , जोन क्रमांक 03 मदर टेरेसा नगर में जोन समिति के अध्यक्ष संतोषनाथ सिंह उर्फ जालंधर , जोन क्रमांक 04 खुर्सीपार शिवाजीनगर में जोन समिति के अध्यक्ष भूपेन्द्र यादव तथा जोन क्रमांक 05 सेक्टर 06 जोन कार्यालय में जोन समिति के अध्यक्ष राजेश चौधरी ध्वजारोहण करेंगे। गणतंत्र दिवस से पूर्व सभी महत्वपूर्ण स्मारको की साफ-सफाई के पश्चात माल्यार्पण की जायेगी तथा आस-पास के स्थलो व प्रमुख चौक-चौराहा में भी विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। राष्ट्रभक्ति गीतो के साथ ही मुख्य कार्यालय एवं सभी जोन कार्यालयो में रोशनी एवं रंगीन झालर से सजावट की जायेगी। 26 जनवरी दिन बुधवार गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रात: से ही नगर के मुख्य चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलो पर देशभक्ति गीत प्रसारित किए जाएंगे।